प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0,
सिंचाई खण्ड, देहरादून

Contact No:- +91-135-2769738
Fax: +91-135-2769738
email: eepmgsydehradun@rediffmail.com

पंत्राक 780/पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0–दे0दून/वन भूमि दिनांक 05/07/2019

सेवा में,

**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**मसूरी वन प्रभाग,**
**मसूरी, उत्तराखण्ड।**

विषयः– जनपद देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पुरकुल गांव से भीतरली किमाडी मोटर मार्ग (कुल लम्बाई–10.400 किमी0) के नव निर्माण हेतु 3.528 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड को हस्तान्तरण प्रस्ताव। (FP/UK/ROAD/20710/2016)

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र), देहरादून का पत्रांक– 8बी./यू.सी.पी./06/120/2018/एफ.सी./586, दिनांक 11.06.2019।

महोदय,

उपरोक्त विषयक का अवलोकन करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपरोक्त मोटर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र), देहरादून द्वारा 1980 के पूर्व की सर्वे ऑफ इण्डिया की टोपोशीट एवं लाभान्वित होने वाले ग्राम भितरली की स्थति के0एम0एल0 फाईल पर अंकित कर भारत सरकार को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

इस संबंध में यह अवगत कराना है, कि सर्वे आफ इण्डिया द्वारा अपने पत्रांक–2030, दिनांक 03.07.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया है, कि सम्बन्धित क्षेत्र की 1980 के पूर्व की सर्वे ऑफ इण्डिया की टोपोशीट सैन्य क्षेत्र होने के कारण उपलब्ध नहीं करायी जा सकती (पत्र संलग्न), सर्वे आफ इण्डिया द्वारा इस कार्यालय को 1988 की सर्वे ऑफ इण्डिया की टोपोशीट उपलब्ध करायी गयी है।

अतः सर्वे ऑफ इण्डिया द्वारा उपलब्ध करायी गयी 1988 की टोपोशीट एवं ग्राम भितरली की स्थति के0एम0एल0 फाईल आपको इस आशय से प्रेषित है, कि कि प्रभाग स्तर से प्रकरण में शीघ्र अतिशीघ्र अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नकः– 1– टोपोशीट हार्ड कॉपी में।
2– सी0डी0 (के0एम0एल0 फाईल एवं टोपोशीट की सॉफ्ट कॉपी)
3– सर्वे आफ इण्डिया का पत्रांक–2030 दिनांक 03.07.2019।

05/7/19.

**अधिशासी अभियन्ता,**
**पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड,**
**6–इन्दिरा नगर, देहरादून।**

पंत्राक /पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0–दे0दून/वन भूमि/तदिनांक

प्रतिलिपि–सहायक अभियन्ता– प्रथम, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादून को इस आशय से प्रेषित है कि वन भूमि के प्रस्तावों को व्यक्तिगत् रूचि लेते हुए प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग मसूरी कार्यालय से सम्पर्क कर प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें साथ ही इस कार्यालय को सूचित करें एवं साप्ताहिक प्रगति से इस कार्यालय को अवगत करायें।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड,**
**6–इन्दिरा नगर, देहरादून।**

(8)

# भारतीय सर्वेक्षण विभाग
# SURVEY OF INDIA

ई–मेल :
mriw.madc.soi@gov.in
E-mail
दूरभाष : 0135 - 2747051-58
Phones
फैक्स : 0135 – 2749793

निदेशक
मानचित्र अभिलेख एवं प्रसार केन्द्र
OFFICE OF THE DIRECTOR
Map Archive & Dissemination Centre
डाक बक्स सं. 28 Post Box No. 28,
हाथीबड़कला, देहरादून | Hathibarkala, Dehradun
(उत्तराखण्ड ) 248 001 भारत-(Uttarakhand) - 248 001

इस पत्र का उत्तर निदेशक, **मानचित्र एवं प्रसार केंद्र** के पते से भेजना चाहिए, किसी अधिकारी के नाम से नहीं। उत्तर देते समय इस पत्र की संख्या और दिनांक दी जानी चाहिए। **Any reply to this letter should be addressed to the Director, Map Archive & Dissemination Centre , Not to any officer by name. The No. & Date of this letter should should be quoted.**

संख्या: आर.आई. - 2030 / 1232/2010 (सिंचाई खण्ड- उत्तराखण्ड) दिनांक 03/07/2019

सेवा में

अधिशासी अभियंता
पी.एम.जी.एस. वाई
सिंचाई खण्ड-6, इंदिरा नगर
देहरादून (उत्तराखण्ड)

**विषय : टोपो शीट संख्या 53J/3 ( प्रथम संस्करण- 1972) की आपूर्ति के संबंध में |**
**सन्दर्भ: भारत के महासर्वेक्षक कार्यालय का पत्र संख्या त. 3853/1147-स्कैन डाटा, दिनांक 01-07-2019.**

आपके द्वारा वांछित टोपो शीट संख्या 53J/3 (प्रथम संस्करण-1972) में सैन्य क्षेत्र को भी दर्शाया गया है | जिसकी आपूर्ति गैर-सैन्य विभागों को नहीं की जा सकती है |

**(अजय प्रिय उनियाल )**
**अधिकारी सर्वेक्षक**
**प्रभारी मानचित्र अभिलेख एवं निर्गम खण्ड**

प्रतिलिपि: भारत के महासर्वेक्षक को संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ |

का/प्र
3/07/19

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र)
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST &
CLIMATE CHANGE
REGIONAL OFFICE (NORTH CENTRAL ZONE)
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

फाईल संख्या 8बी./यू.सी.पी./06/120/2018/एफ.सी./586 दिनांक 11.06.2019

सेवा में,
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषयः– जनपद– देहरादून में पुरूकुल गांव से भितरली–किमाडी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.528 है0 वन भूमि के सम्बन्ध में। (FP/UK/ROAD/20710/2016)**

**सन्दर्भः–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड का पत्रांक – 3232/FP/UK/ROAD/20710/2016 दिनांक 29-05-2019**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर सन्दर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए प्रस्ताव पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरान्त मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के पत्र दिनांक 31.10.2018 के बिन्दु क्र0 11 का उत्तर संतोषप्रद नहीं है। यदि पूर्व से ही कच्चा मार्ग उपलब्ध है तो इसकी पुष्टि हेतु राज्य सरकार 1980 के पूर्व की Survey of India की टोपोशीट प्रस्तुत करें। साथ ही लाभान्वित होने वाले ग्राम 'भितरली' की स्थिति KML File पर अंकित कर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। ताकि अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

यदि चाही गई सूचना पत्र जारी होने की तिथि के 60 दिनों के भीतर इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुयी तो प्रस्ताव को निरस्त किया जा सकता है।

भवदीय,

11.06.19

(सन्नी गोयल)
तकनीकी अधिकारी (वानिकी)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**
1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

**(सन्नी गोयल)**
तकनीकी अधिकारी (वानिकी)